तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 5 मार्च 2024

11 मेहनतकश और ईमानदारी के नाम से जाना जाता...



12 287 कार्यों के लिए 28 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत...





## खबर संक्षेप

### संगवारी महिलाओं का सम्मेलन आज

**गरियाबंद।** संगवारी महिला मंच एवं लोक आस्था सेवा संस्थान गरियाबंद द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर संगवारी महिलाओं का सम्मेलन दिनांक 5 मार्च को स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता मोहम्मद अब्दुल गफ्फार मेमन अध्यक्ष नगरपालिका परिषद गरियाबंद, विशेष अतिथि लालिमा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत, अनिल चन्द्राकर जिला महामंत्री भाजपा, सुरेन्द्र सोनटके उपाध्यक्ष नगरपालिका, प्रवीण यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, धनंजय नेताम पूर्व सरपंच पारागांव कार्यक्रम दोपहर 1.30 से शाम 5 बजे तक है। उक्त जानकारी संगवारी महिला मंच एवं लोक आस्था सेवा संस्थान गरियाबंद ने दी।

### संत समागम स्थल पर सरस्वती यज्ञ कल

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प में चक्र महामेरू पीठाधीश्वर सच्चिदानंद तीर्थ दंडी स्वामी की कुटिया में बुधवार 6 मार्च को सुबह 9 बजे मां सरस्वती यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित श्रद्धालु भाग लेंगे। दंडी स्वामी महाराज जी ने बताया कि इस पवित्र यज्ञ का उद्देश्य भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाना तथा समाज, परिवार व राष्ट्र के लिए एक आदर्श नागरिक का निर्माण करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म व नैतिकता का विकास करना है उन्हें और उनके आत्म-सम्मान को विकसित करना। संस्कृति का परिचय कराना है। यज्ञ के माध्यम से बच्चों को अपने धर्म व संस्कृति का महत्व पता चलता है। स्वामी जी ने बताया कि यज्ञ की पूरी तैयारी कर ली गयी है। यज्ञ के बाद भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रसाद एवं प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। सरायपाली थाने में प्रार्थी जागेश्वर जायसवाल पिता फिरू राम (38) वार्ड नं. 07 झिलमिला ने आरोपी बिल्लू नाम के युवक पर चेक पोस्ट शिव मंदिर के पास पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत श्याम नगर झलप में एक युवक के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील कुलदीप, राकेश राठौर, महिमा राठौर निवासी झलप ने प्रार्थी रोशन सिंह पिता इंदर सिंह (31) के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### दो लोगों के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा थाना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि परमेश्वर यादव पिता मगन यादव (30) ग्राम जेराभरन के घर से अवैध रूप से महुआ शराब 4000 एमएल कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। इसी तरह पिथौरा पुलिस ने जितेंद्र साहू पिता देवीदयाल साहू (37) ग्राम धनोरा के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है। अवैध शराब की बरामदगी पर से आरोपियों पर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर कार्रवाई किया है।

## कुंभ मेला : 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी 13 हजार करोड़ रुपए की राशि

# राजिम कुंभ का वैभव फिर लौटा : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। राजिम कुंभ की शुरूआत डॉक्टर रमन सिंह की मुख्यमंत्रित्व काल में हुई थी। पिछले पांच वर्षों की इसका स्वरूप कुछ बिगड़ गया था। इस वर्ष कुंभ का आयोजन 10 गुना भव्यता के साथ हो रहा है। राजिम कुंभ के फिर से भव्य आयोजन से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है और राजिम कुंभ का वैभव एक बार फिर लौटा है। उन्होंने कहा कि कुंभ में शामिल होने आए साधु-संतों के आशीर्वाद से राज्य में सुख-समृद्धि और खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

- श्री रामलला दर्शन योजना में श्रद्धालुओं को लेकर 5 मार्च को ट्रेन अयोध्या धाम के लिए होगी रवाना

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर भरोसा किया हम उसे पूरा करने के लिए लगातार फैसले ले रहे हैं। किसानों को बहुत जल्द धान बिक्री की अंतर की राशि मिलेगी। महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। पात्र विवाहित महिलाएं आगे भी फार्म भरकर महंतारी वंदन योजना का लाभ ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के गारंटी के अनुरूप में अयोध्या में श्री ⏭ शेष पेज 10 पर





### राजिम तीन जिलों और छग की संस्कृति का भी संगम : सांसद

सांसद चुन्नीलाल साहू ने भाषण देते हुए कहा कि राजिम केवल तीन नदियों का संगम नहीं है। तीन जिलों और छत्तीसगढ़ की संस्कृति का भी संगम है। महामंडलेश्वर यतिन्द्रानंद गिरी जी महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि पांच वर्ष बाद राजिम कुंभ भव्य और दिव्य स्वरूप में दिख रहा है। भारत सहित पूरी दुनिया में इस समय सनातन संस्कृति का पुर्नजागरण हो रहा है। शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उनका पहली बार राजिम आना हुआ है। यहां का नजारा देखकर लगा कि यह प्रयागराज और हरिद्वार से कम नहीं है। राजिम के कंकर-कंकर में भगवान श्री शिव बसे हुए हैं। माता जानकी द्वारा स्थापित शिवलिंग यहां कुलेश्वर महादेव के रूप में विराजमान है। कार्यक्रम में सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, इंद्र कुमार साहू, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक रूप कुमारी चौधरी, चंद्रशेखर साहू और अमितेश शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि और देशभर से आए साधु-संत तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### एक-एक कण में शिव जी है : पंडित मिश्रा

पंडित प्रदीप मिश्रा ने राजिम कुंभ में संत समागम के अवसर पर जानकी जयंती पर कहा कि राजिम के कण कण में शंकर बसा हैं यह पवित्र भूमि है बीड़ा उठाया था बृजमोहन अग्रवाल ने संतो को राजिम में लाने का, विश्व भर में राजिम कुंभ की महिमा को पहुंचाने वाले पत्रकार हैं मिडिया वाले है। हर एक जनमानस के दिल में राजिम कुंभ बसा हैं। श्री राम जी अवध से लंका तक पहुंचने में शिवलिंग का निर्माण करते एक लोटा जल चढ़ाते जाते जहां वे रुकते वहीं शिवलिंग का निर्माण करते। श्री राम जी ने संकल्प लिया था जब तक एक लोटा जल शिव जी पर अर्पित नहीं करेंगे अन्न जल ग्रहण नहीं करेंगे। वनवास जाते समय माता कौशल्या कहती है कौन साथ देगा तुम्हारा अकेले कैसे सामना कर पाओगे कठिन पथ का? तब श्री राम ने कहां यहां से अयोध्या की मिट्टी को लेकर जा रहा हूं जितनी मिट्टी लेकर जा रहा हूं उसके एक एक कण में शिव जी है। जहां -जहां से राम गए वहां राम वनगमन पथ बनाया गया हैं। शासन द्वारा, जिस पथ से श्री राम गए वहां शिव के मंदिर जरूर हैं। यहां पर माता जानकी ने स्वयं शिवलिंग का निर्माण किया आज भी वह कुलेश्वर के रुप में राजिम में हैं। हर समस्या का हल एक लोटा जल हैं,जल चढ़ाते समय एक लोटा जल में बहुत बल होता हैं सौभाग्य से आज सोमवार हैं और मै यहां राजिम में ,हमे बढते धर्मांतरण को रोकना हैं। प्रतिदिन एक लोटा जल चढ़ाएं और शिव की भक्ति पर विश्वास करे हर समस्या का हल होगा।

## उदंती अभ्यारण्य में हाथी ने फिर ट्रैप कैमरे में तोड़फोड़ की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



उदंती सीतानदी अभ्यारण्य में हाथी के द्वारा ट्रेप कैमरा तोड़ने का दूसरा मामला सामने आया है। दरअसल, झुंड से खदेड़ा गया हाथी आक्रोशित हो गया है। कैमरे का फ्लैश चमकते ही हाथी उत्तेजित हो रहा है और उसे तोड़ रहा है। 3 मार्च को शाम 6:34 बजे हाथी रिसगांव रेंज में पश्चिम मूहकोट के कक्ष क्रमांक सी/279 में लगे कैमरे में हाथी की तस्वीर अंतिम बार कैद हुई। हाथी कैमरे के आसपास गुजरते दिखा है। फिर कैमरा को तोड़ दिया। प्रशासन को रात में ही कैमरे तोड़ने की सूचना सिस्टम से मिल गया था। आज टूटे कैमरे के पार्ट्स को एकत्र कर लिया गया है। बता दें कि यही हाथी 2 मार्च को इसी रेंज के कक्ष क्रमांक 300 में एक कैमरे को तोड़ दिया था।

### झुंड से अलग हाथी हो रहा उत्तेजित

उदंती सीतानदी अभ्यारण के उपनिदेशक वरुण जैन ने कहा कि युवा हाथी सिकासेर झुंड से अलग है। मादा हाथी झुंड की मुखिया होती है। झुंड के अनुशासन के खिलाफ काम करने वाले हाथी को झुंड से खदेड़ने की प्रवृति हाथियों में होती है। झुंड से बिछड़ा हाथी कामुक और उत्तेजित होता है। उन्होंने बताया कि कैमरे के सामने से गुजरते वक्त फ्लैश चमकते ही हाथी उत्तेजित हो रहा है। उसे एकांत पसंद है। विभाग की ओर से पूर्व में लगाए गए 180 ट्रेप कैमरे में फ्लैश है, जबकि 2023 में लगाए कैमरे इंफ्रारेड सिस्टम से तस्वीर कैद करता है।

## ढोला मारू लोककला मंच की रजनी की प्रस्तुति आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम कुंभ कल्प के सांस्कृतिक मंच पर प्रतिदिन लोक कलाकारो की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक झांकी, सुवा, करमा, ददरिया, होली, सरगुजिया नृत्य की रोचक प्रस्तुति दूर-दूर तक फैल रही है। इसी कारण दर्शको की भीड़ बढ़ती जा रहीं है। मंगलवार को शाम 5 बजे से 10 बजे के कार्यक्रम में भिलाई से रजनी रजक लोक कलामंच की प्रस्तुति होगी। इसी मंच पर रायपुर से विवेक शर्मा की टीम लोक संध्या से दर्शको का भरपूर मनोरंजन करेंगे। राजनांदगांव से संतोषी नेताम की टीम महतारी, लोकमंच के द्वारा छत्तीसगढ़ की महक दूर-दूर तक बिखरेंगी। रायपुर से बसंत वीर की टीम केंवट के राम प्रसंग से राम की महिमा की प्रस्तुति शानदार प्रस्तुति देंगे। स्थानीय कलाकारों द्वारा सुबह 11 बजे से 5 बजे तक नदी परिसर में बने मंच में गजाधार बंजारे ग्राम नारधा के टीम पंथी नृत्य, विजय शर्मा पोड़ तोरला की टीम छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गीता गोस्वामी राजिम से भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। मंच में द्रोपदी नेताम घुटकू नवापारा की टीम रामायण और मंजू राम प्रसिद्ध पंडवानी गायिका की प्रस्तुति होगी जो महाभारत के ⏭ शेष पेज 10 पर



## मंत्री अग्रवाल ने आधी रात मेला स्थल का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार की देर रात्रि राजिम कुंभ मेला स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जानकी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजिम आगमन के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी जगहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। मंत्री श्री अग्रवाल ने मेला स्थल में संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, व्हीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल एवं लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान दंडी स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री अग्रवाल मुख्य मंच से लेजर एवं लाइट शो का अवलोकन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधार करने निर्देश दिए। साथ ही मुख्य मंच एवं गंगा आरती स्थल में जानकी जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की सुचारू रूप से संचालन की जरूरी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, मेला सुरक्षा अधिकारी आईपीएस भोजराम पटेल, उप संचालक पर्यटन विभाग प्रताप पारख एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया





**फिंगेश्वर।** 10 वी एवं 12 की बोर्ड परीक्षा को लेकर इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा उड़न दस्ता के टीमों के साथ साथ मंडल के अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रो मे पहुंचकर सघन निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में कक्षा 10वी की हिंदी परीक्षा के दौरान मण्डल के सचिव प्रोफेसर व्ही के गोयल अवर सचिव, भोज राम साहू, गोपनीय सहायक सचिव, बीकेराज के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम, हरिहर नवापारा के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्षों को प्रश्नपत्रों में रोल न अंकित करने के निर्देश दिए तथा परीक्षा केन्द्रों मे परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया। उक्त जानकारी अवर सचिव भोजराम साहू के द्वारा दी गई।

## विकासखंड स्तरीय बालिका-महिला खेलकूद आज

**मैनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकासखण्ड स्तरीय बालिका महिला खेलकूद प्रतियोगिता उन्मुक्त खेल मैदान भाठीगढ़ में 5 मार्च को किया जाएगा। विकासखण्ड के खेल एवं युवा कल्याण नोडल अधिकारी यशवन्त बघेल ने बताया कि प्रतियोगिता में 9 से 18 आयु वर्ग की बालिका एवं 18 साल से उपर आयु वर्ग की कोई भी महिला भाग ले सकेगी। आयोजन में खो–खो, कबड्डी, रस्साकसी, व्हालीबाल, एथलेटिक्स 100 मीटर दौड, लम्बी कूद, गोला फेंक की प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागी 8 मार्च को जिला स्तरीय बालिका-महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आयोजन की तैयारी में शिक्षक टीकम पटेल, हीरामन साहू, उमेश वार्चो, वात्सल गुप्ता, दुर्गाचरण कोमर्रा, शेख ईमामुद्दीन, पवन ठाकुर, लोकेश्वर काशी, दामोदर साय नेगी, प्रदीप सिन्हा, कांती सिन्हा, संतोष ध्रुव, द्रोण कुमार साहू, दीलीप साहू, मुकेश ठाकुर, सुन्दर कश्यप, रेणुका ठाकुर, चमेली तिरधारी, हेमलता साहू, हेमलाल विश्वकर्मा, सत्यवान साण्डे, मुकेश यादव, महेन्द्र ध्रुवा, टाकेश्वर, मुकेश यादव, रूपेश यादव, भरत सिन्हा, महेश बाम्बोडे आदि जुटे हैं।

## नपा अध्यक्ष ने हादसे में गंभीर घायल को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सोमवार शाम को गरियाबंद नगरपालिका अध्यक्ष ने एक बार फिर अपनी इंसानियत दिखाते दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला और पुरुष को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कर उपचार प्रारंभ करवाए।



घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन और आशीष शर्मा अपने निजी आवश्यक कार्य से रायपुर जा रहे थे। उसी दौरान जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर कचना धुर्वा मंदिर के समीप एक मोटरसाइकल में सवार एक पुरुष और एक महिला जो सड़क परसुली जा रहे थे उसी दौरान एक झाड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उनकी गंभीर स्थिति को देख नपा अध्यक्ष और उनका साथ अपना रायपुर का कार्य छोड़कर घायलों को अपनी फॉरच्यूनर वाहन में पुरुष को और एक अन्य वाहन में घायल महिला को जिला अस्पताल लेकर आए और भर्ती कर उपचार प्रारंभ कराते हुए पुनः रायपुर के लिए निकले। नपा अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने कहा कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। मैंने ⏭ शेष पेज 10 पर


### मोहित शेवानी ने बताया श्रीरामलला के 500 सालों का इतिहास

# छत्तीसगढ़ी गीतों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम कुंभ कल्प के 9वें दिन मुख्य मंच पर भोपाल से आए मोहित शेवानी ने श्री राम मंदिर की गाथा को सुंदर संगीत के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। उनके शानदार प्रस्तुति देख दर्शकों की आंखे भीग गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से राम मंदिर के 500 सालों के इतिहास को संगीत और विजुअल के साथ लोगों के सामने प्रस्तुत किया है। शेवानी ने उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा श्रीरामलला से जुड़ी कथा को बताया। जिसमें प्रभु राम की महिमा और रामायण की सुंदरता को समझने का एक अद्भुत प्रयास और सराहनीय कदम है। इन कहानियो को सुनकर दर्शक भावुक हो उठे। मंच पर कार्यक्रम की अगली कड़ी में हिलेन्द्र





ठाकुर बिलासपुर की टीम ने लोककला मंच में छत्तीसगढ़ी से परिपूर्ण गीतां की प्रस्तुति दी जिसमें विवाह गीत से लेकर गौरी-गौरा गीतों का झांकी देखने को मिला।

### कत्थक नृत्य की प्रस्तुति

रायपुर के घनश्याम साहू की टीम ने लोकमंच में बारहमासी गीतों की प्रस्तुति देकर एक बार फिर होली की याद दिला दी। इसी के साथ उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ी गीत आ जाना गोरी अब झन तरसा.... जैसे चर्चित गीतो को गाकर दर्शक को अपने जगह पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया। दीपाली पांडे ने अपने सुंदर हाव भाव के साथ कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिससे सांस्कृतिक मंच की शोभा अलौकिक लगने लगा।

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा की

**राजिम।** सोमवार को राजिम कुंभ कल्प मेला में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना किया। सीएम ने भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा पूरे विधि विधान के साथ किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### केबिनेट मंत्री दयालदास व लक्ष्मी ने श्री राजीव लोचन की पूजा की



**राजिम।** शनिवार को मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह समारोह में अतिथि के रूप में राजिम आए प्रदेश के दो केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा अर्चना कर समूचे छत्तीसगढ़ के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना किया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू भी पूजा में विशेष रूप से शामिल हुए।

### खेतों के कृषि पंपों में खप रही 50 फीसदी बिजली

**रसेला।** कृषि पम्पों के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। इसी के चलते बार-बार वोल्टेज, लाइन-ड्रॉप और पंप उड़ने की शिकायतें मिलते रहती है। इस समस्या से बचने विद्युत विभाग किसानों से पर्याप्त क्षमता वाले कैपेसीटर लगाने की अपील कर रही है। विद्युत विभाग ने बताया कि कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है। कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11केवी लाइनों पर फिर 33/11 केवी उपकेंद्रों पर, 33 केवी लाइनों तथा इस प्रकार पूरे ट्रांसमिशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है। ऐसे में अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इस स्थिति में न सिर्फ विद्युत कंपनी, बल्कि किसानों को बड़ी क्षति होती है। इसे देखते हुए विद्युत विभाग ने किसानों से लो-वोल्टेज और लाइन ड्राप की समस्या से बचने के लिए मोटर पम्पों में पर्याप्त क्षमता वाले कैपेसीटर लगाने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग से बार-बार ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की है, लेकिन अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है। रबी फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे। तेज गर्मी से वाटर लेवल गिरने पर समस्या बढ़ जाती है।

**अपग्रेडेशन में विलंब** - क्षेत्र में विद्युत की समस्या को देखते हुए किसान लंबे समय से सब स्टेशन और ट्रासंफार्मरों को अपडेट करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत नए उपकेन्द्र की स्थापना, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, सब स्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना की योजना है, लेकिन इसमें विलंब हो रहा है।

## सीएम साय एवं शिव कथा वाचक पंडित मिश्रा का राजिम में हुआ आत्मीय स्वागत...



**राजिम।** सोमवार की शाम सीएम विष्णुदेव साय राजिम कुंभ कल्प महोत्सव के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए पहुंचे। उनके साथ सुप्रसिद्ध शिवकथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा थे। राजिम हेलीपेड में सीएम श्री साय एवं पंडित मिश्रा का स्वागत विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसएसपी अमित तुकाराम कांबले सहित अनेको गणमान्य नागरिको ने गुलाब का फुल भेंट कर स्वागत किया।

**अधिवेशन : आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज नवगांव सर्कल-गुजरा का वार्षिक अधिवेशन**

# परंपरा, रीति-रिवाज व नियम कायदे को बनाए रखने के लिए बैठक आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज नवगांव सर्कल गुजरा का वार्षिक महाबैठक शनिवार को ग्राम गरभनतोला में संपन्न हुआ। आदीवासी समाज की बात करे या किसी भी समाज की सबकी अपनी एक परंपरा रीति रिवाज होता है सबका अपना एक अलग नियम कायदे होते है और उसी नियम कायदे को बनाए रखने के लिए इस तरह की मीटिंग का आयोजन किया जाता है। वैसे आपको बता दे की आदिवासी समाज की रीति नीति परपराए सबसे अलग होती है। जिसके लिए आदिवासी समाज जाना जाता है। सर्पवाप्रथम, नवगांव सर्कल के समस्त पदाधिकारी सभी मातृशक्ति, पितृ शक्ति, युवा व युवती प्रभाग, महिला प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ की उपस्थिति में ज्योतिपुंज बड़ादेव की आरती पूजा अर्चना के तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पश्चात उद्बोधन में आदिवासी समाजिक संघठन को बड़ावा देना, समाज के सभी वर्ग को शिक्षा से जोड़ना, खासकर युवा वर्ग को आज शिक्षा से दूर होते जा रहा है, नशा से समाज को दूर रखना आज नशा की वजह से समाज खोखला होते जा रहा है, सामाजिक प्रकरण, आय व्यय, जैसे निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया जाना है। वही इस वार्षिक अधिवेशन में 34 मौजा सर्कल एवम कोसमी सर्कल के समस्त पदाधिकारियों का आगमन हुआ।





### जन्म प्रमाण पत्र में गोंडी धर्म लिखवाने की अपील

कार्यक्रम की कड़ी को आगे बड़ते हुए तिरु शंकर छैदेहा जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग एवम गोंडी धर्म प्रचारक, ने अपने उद्बोधन में कहा की गोंडवाना लैंड में सर्वप्रथम आर्य की आगमन, मुगलों के आगमन, अंग्रेजों के आगमन से मूल संस्कृति (गोंडी धर्म) में क्या परिवर्तन,नुकसान व फायदे हुए, इन विषयों पर विस्तार से बताया। आगामी बिन्द्रानवागढ़ राज मीटिंग एवं गरियाबंद जिला मीटिंग में सभी को भारी संख्या में आने का न्यौता दिए। एवं जन्म प्रमाण पत्र में धर्म कलाम पर गोंडी धर्म लिखवाने के लिए सभी से सेवा जोहार अपील किए। इस दौरान सर्किल अध्यक्ष गुजरा-बालाराम छेदैहा, उपाध्यक्ष नकुल मरकाम, सचिव मोतीराम नेताम, कोषाध्यक्ष धनेश्वर मरकाम, संरक्षक हीरा सिंह ठाकुर, सलाहकार परदेसी राम नेताम, मोहनलाल मरकाम, गिरवर सिंह मांडवी, उत्तम कुमार मरकाम, नरेश कुमार मरकाम, महिला प्रभाग अध्यक्ष पार्वतीबाई, एवं भारी संख्या में महिला -पुरुष, युवा व युवती की उपस्थिति रही।



### भोग भंडारा में विधायक रोहित ने बांटी प्रसादी

**राजिम।** सोमवार को विधायक रोहित साहू द्वारा न केवल भोग भंडारा का आयोजन किया गया। बल्कि उन्होने प्रसादी बांटा भी और पंडाल में बैठकर भोजन भी किया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, गौरीशंकर साहू समिति के संरक्षक संजय प्रकाश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,जिला साहू संघ बीजापुर के उपाध्यक्ष बबली साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष खोरबहरा साहू, वीरेंद्र साहू एवं मेला अधिकारी धनंजय नेताम विशेष रूप से मौजूद थे। इन अतिथियो ने प्रसादी बांटा। भोग भंडारा में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू,महामंत्री हेमलाल साहू, शिक्षक डॉ दिलीप साहू, रामकुमार साहू, लोकनाथ साहू, श्याम साहू, मिंजून साहू, मिश्रीलाल साहू, डॉ ओंकार साहू, राजू साहू, उम्मीद साहू, अमृत साहू, तरुण साहू, भवानीशंकर साहू, गुलाब साहू, सरवन साहू, राजा साहू, पुखराज साहू, रोशन साहू, हरिशंकर साहू, किशन साहू, केसरी, बबीता चौधरी, भारती साहू, रेणुका साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, कविता साहू, धनमती साहू, साधना सौरज, नंदा साहू, सुलोचना साहू, ममता साहू, गायत्री साहू, गंगा साहू, रजनी साहू, हेमा साहू, जमीन साहू, तजिया साहू, पुष्पा देवी साहू,अर्चना साहू, प्रेमबाई साहू, हृदयांश साहू, कोविद साहू, समिति के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन भोग भंडारा में सेवा दिए हजारों लोग प्रसादी ग्रहण कर तृप्त हुए।

## रसेला और मुढीपानी में ग्रामीणों ने शुरू की तेंदूपत्ता बूटा कटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला।

लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला और मुढीपानी में वर्ष 2024 बुटा कटाई में इस बार संग्राहकों में उत्साह नजर आ रहा है। वहीं मुढीपानी समिति में बुटा कटाई के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर समिति के संचालक पुनित राम ध्रुव व फडमुशी शंकर लाल निषाद के द्वारा किया गया। मुढीपानी के प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हरा सोना के दर चार हजार रुपए से बढ़ाकर इस वर्ष पांच हजार पांच सौ रुपए प्रति मानक बोरा किया गया है। और संग्राहकों को अच्छा बुटा कटाई करने के लिए निर्देश दिया गया है। संग्राहक शाख कर्तन में बढ चढ कर हिस्सा ले रहे हैं, मुढीपानी समिति में लगभग 100 संग्राहक बुटा कटाई में लगे हुए हैं। मानक बोरा दर बढा दिए जाने से तेंदूपत्ता संग्राहकों का परिवार भी दिलचस्पी ले रहे हैं। समिति के संचालक और फडमुशी के देख रेख में बूटा कटाई हो रहा है, ताकि उच्च गुणवत्ता वाली तेंदूपत्ता श्रमिकों को मिल सकें। इस मौके पर रसेला समिति के अध्यक्ष भावसिह मरकाम, प्रबंधक केशव यादव, उपाध्यक्ष देवकुवर निर्मलकर, संचालक कमलेश्वर नायक, नरसिंह ध्रुव, जगदीश यादव, अजब सिंह, ठग्गू राम साहू, हरिराम मरकाम, सुकालू राम ध्रुव, शांति बाई सेन सहित फडमुशी अशवत सेन उपस्थित थे।

## भारतीय सभ्यता का जीता जागता प्रमाण है श्री राजीव लोचन मंदिर

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज धर्म नगरी राजिम की पहचान भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर प्राचीन भारतीय सभ्यता का जीता जागता प्रमाण है, इसकी भव्यता देखते ही बनती है। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रख्यात राजिम की ख्याति राजीव लोचन मंदिर व यहां विराजे भगवान विष्णु के साथ जुड़ी है। वहीं नदी के दूसरी ओर कुलेश्वर महादेव का मंदिर इस प्राचीन नगरी को अद्भुत बनाती है। राजिम का राजीव लोचन मंदिर आठवीं शताब्दी का है। जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला आयोजित होता है। धर्म नगरी राजिम का प्राचीन नाम कमल क्षेत्र है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरम्भ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर स्थित था और ब्रह्मा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना की थी। इसीलिए इसका नाम कमलक्षेत्र पड़ा। राजिम में महानदी, पैरी नदी तथा सोंढूर नदी का संगम होने के कारण यह स्थान छत्तीसगढ़ का त्रिवेणी संगम कहलाता है। संगम के मध्य में कुलेश्वर महादेव का विशाल मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि वनवास काल में श्री राम ने इस स्थान पर अपने कुलदेवता महादेव की पूजा की थी। ड्रोन कैमरे में दिखी नगर की भव्यता राजिम नगरी की भव्यता को ड्रोन कैमरे की नजर से देखने का प्रयास किया गया। इस दौरान धर्म नगरी की भव्यता देखते ही बनती है। आसमान की ऊंचाई से राजीव लोचन मंदिर से लेकर महानदी व पूरा नगर एक खास स्वरूप में नजर आया।



## महानदी की आरती में मुख्यमंत्री साय व पंडित मिश्रा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के पावन भूमि राजिम में इन दिनो 15 दिवसीय कुंभ कल्प मेला माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चल रहा है। सोमवार को जानकी जयंती पर्व स्नान के अवसर पर राज्य के सीएम विष्णुदेव साय व सुप्रसिद्ध शिवकथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा राजिम पहुंचकर महानदी आरती में शामिल हुए। राजिम कुंभ कल्प में जबलपुर से आयी साध्वी प्रज्ञा भारती के साथ ग्यारह पंडितो ने मंत्रोच्चारण कर महानदी की महाआरती कराई। मुख्यमंत्री श्री साय सहित साधु संतों ने लयबद्ध अनुशासन के साथ पूरे विधि विधान से महानदी की आरती किया। इस अवसर पर महानदी का त्रिवेणी संगम भक्तिमय हो गया। महाआरती का एक साथ प्रज्जवलित होना शंख, कपूर, चवर, आचमन पूरे मेला परिसर आरती मंडप को भावविभोर कर दिया। महाआरती में शिव स्त्रोत के बाद सामूहिक महाआरती की गई। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगणों के आरती से जय-जय श्री राम के जयकारे से आरती घाट गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि महानदी की आरती करने का उद्देश्य केवल पूजा पाठ तक ही सीमित नहीं है। बल्कि छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी को संरक्षित करने का एक प्रयास है। इसी प्रयास की कड़ी में राजिम कुंभ में साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में राजिम कुंभ कल्प में प्रतिदिन भव्य एवं दिव्य महानदी की आरती की जा रही है। धरती में प्रकृति के शुद्ध जल स्त्रोत का संरक्षण और नदियां सरोवर जो हमारे आस्था के सनातन धर्म के केंद्र रहे हैं। गंगा, गीता, गायत्री उन सभी का संरक्षण और प्रदूषण मुक्ति का शतत अभियान का विचार साध्वी प्रज्ञा भारती के मन में आने के बाद देश के प्रमुख नदियों के घाट पर महाआरती की शुरूआत की। नदियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर उनके प्रति समर्पण, आस्था और संकल्प का भाव सभी के मन में जागृत करने हेतु महानदी की महाआरती की जा रही है।



**11 पंडितो ने मंत्रोच्चारण कर महानदी की महाआरती कराई**

**भाजपा का लाभार्थी जनसंपर्क अभियान प्रारंभ**

# भाजपा राजनीति के साथ राष्ट्रनीति पर काम करती है : भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

■ प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी योजना के कार्य प्रदेश मे प्रारंभ

भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अंतर्गत नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक 12 विनायक नगर में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ भाजपा नेता रामू राम साहू एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित के उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें वार्ड नंबर 12 के पार्षद हेमा किरण सोनी एवं नागरिक बसंत सोनी के निवास से संपर्क कर अभियान का शुभारंभ किया गया। नेताओ ने कहा मोदी जी की गारंटी योजना के कार्य प्रदेश मे प्रारंभ। उक्त अभियान के तहत उपस्थित नेताओं ने मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया तथा फिर इस बार मोदी सरकार बनाने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित ने कहा कि भाजपा राजनीति के साथ साथ राष्ट्रनीति से काम करने वाली पार्टी है। जब से मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने है तब से वे लोगो के बीच सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास एवं सबका विश्वास की नीति से देश के अंदर काम करते आ रहे हैं। उनकी योजना गांव, गरीब, किसानों से गुजरकर सर्वहारा लोगों के बीच पहुंची है। मोदी जी ने देश के अंदर कश्मीर से 370 हटाया। अध्योध्या मे राम मंदिर का निर्माण कराकर पूरे विश्व में ख्याती प्राप्त की हैं। इस बार देश को और भी सशक्त बनाने, देश को आत्मनिर्भर बनाने सहित देश को विकासित भारत बनाने की दिशा में हम सभी को गठबंधन की एनएडीए सरकार के साथ 400 सांसद दिल्ली भेजने हैं। जिसमें आप सभी का आशीर्वाद आवश्यक है। वरिष्ट नेता रामूराम साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी पर आप सभी ने भाजपा को जीताकार राज्य मे भाजपा को सत्ता सौंपा हैं। हमारे मुख्यमंत्री

### इनकी रही उपस्थिति



उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ के वरिष्ठ नेता रामू राम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, महिला मोर्चा के जिला मंत्री संतोषी श्रीवास्तव, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री भुवनेश्वरी साहू, भाजपा मंडल फिंगेश्वर के पूर्व मंत्री किरण सोनी, पार्षद हेमा सोनी, पार्षद नरेश लहरें, अरुण ध्रुव, अश्वनी विश्वकर्मा, युवा मोर्चा के राकेश सिन्हा, गंगा बाई ध्रुव सहित अनेकों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण लाभार्थी संपर्क अभियान में घर- घर जाकर संपर्क किया, तथा पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने एवं फिर इस बार 400 पार का नारा लगाया गया।

पेज 9 के शेष...

### राजिम कुंभ का...

रामलला के दर्शन कराने के लिए हमनें श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की है, जिसमें हर वर्ष हजारों लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा। 5 मार्च को रायपुर से इस योजना की पहल ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राजिम कुंभ मेले की वेबसाइट लांच की और राजिम कुंभ पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में भगवान राजीव लोचन पर आधारित लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन किया गया। हमने कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस के रूप में 3716 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित कर दी गई है। 24 लाख 72 हजार किसानों को धान बिक्री की अंतर की राशि के रूप में 13 हजार करोड़ रूपए देंगे।

20 सालों में सबसे भव्य कुंभ इस बार हो रहा- धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजिम कुंभ के भव्य आयोजन के साथ-साथ इस साल का कुंभ रामोत्सव राजिम कुंभ के नाम से आयोजित करने की अनुमति दी है। साधु-संतों के आगमन और आशीर्वाद से कुंभ सफल होता है। मातृशोक के कारण मेरा शरीर मंच पर नहीं है, पर मेरी आत्मा एक महीने से यहीं है। पिछले 20 सालों में सबसे भव्य कुंभ इस बार हो रहा है। राजिम कुंभ तब तक पूरा नहीं होता जब तक साधु संत नहीं आते साधु संतों की अमृतवाणी से ही यह राजिम कुंभ कल्प सफल होता है। पूरे देश में चार कुंभ के होते हैं, ये चार कुंभ तो 12 साल में एक बार होते हैं, लेकिन राजिम कुम्भ कल्प पहला कुंभ है जो हर साल होता है।

### ढोला मारू लोककला...

विभिन्न प्रसंगो पर प्रकाश डालते हुए। दर्शकों को अंत तक अपनी जगह में रहने के लिए मजबूर कर देंगी। ओमप्रकाश की टीम गरियाबंद से भुजिया नृत्य, भुनेश्वरी ठाकुर परसवानी से सुगम संगीत हेमंत यादव की टीम सिंधौरी से राउत नाचा दौलत यादव की टीम तौरेंगा से नाचा पार्टी सीता वर्मा की टीम गिर्रा से मानस भजन इसके साथ अभिषेक सोनकर भाठागांव की टीम जगराता की प्रस्तुति देंगे।

### नपा अध्यक्ष ने...

भी आज एक आम आदमी, आम नागरिक के इसी कर्तव्य को निभाया है। यह एक संवेदनशीलता का विषय है कि कोई घायल सड़क पर हो और आप उसे अस्पताल तक ले जा सके तो जरूर ले जाएं। यह आम नागरिक का कर्तव्य और इसी कर्तव्य को मैंने भी आज निभाया । इसके साथ मैं यही भी अपील करता हूं कि हम सबको यातायात नियमों का पालन करना चाहिए , सावधानी के साथ वाहन चलाना चाहिए और यह प्रयास करना चाहिए की दुर्घटनाएं नहीं हो। उल्लेखनीय है कि नपा अध्यक्ष के द्वारा इससे पहले भी इस तरह का सहायता लोगों के साथ किया जा चुका है और दुर्घटनाग्रस्त लोगो को कई डफ़ें वे ख़ुद अपनी कार में ज़िला अस्पताल लाते देखा गया है।

## खबर संक्षेप



### तर्रा में बोर खनन, ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

**गरियाबंद।** लंबे अरसे से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम तर्रा के ग्रामीणों को अब राजिम विधायक रोहित साहू के पहल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति होगा। राजिम विधायक रोहित साहू के अनुशंसा पर नवीन प्राथमिक शाला शंकर नगर तर्रा में बोर खनन कार्य संपन्न हुआ। शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने पर ग्रामीणों ने राजिम विधायक रोहित साहू का आभार जताया है। जिसमें ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष गिरधारी राम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष पटेल, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य नेपाल साहू, तुकेश साहू, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा टेकराम साहू, मकसूदन साहू एवं शिक्षिका लता साहू उपस्थित होकर पूजा अर्चना कर बोर खनन कार्य को प्रारंभ कराया।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यकारिणी का विस्तार





**राजिम।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला गरियाबंद के कार्यकारिणी का विस्तार राजिम



कुंभ कल्प मेला के दौरान छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर किया गया था। संघ में पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की घोषणा छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा और महासचिव रमेश चौधरी ने किया था। जिला संघ के गठन में जिले के कुछ सम्मानित वरिष्ठ पत्रकारों की सक्रियता को देखते हुए तीन पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देश पर किया गया है। आईबीसी के रिपोर्टर नीरज शर्मा को जिला संघ में उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह हरिभूमि कोपरा के संवाददाता व टीवी 24 एमपी-सीजी न्यूज चैनल के रिपोर्टर उरेन्द्र साहू को सचिव तथा एशियन न्यूज के रिपोर्टर नेमीचंद बंजारे को संघ में सहसचिव का दायित्व दिया गया है।

### खरोरा में माता जानकी जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती के अवसर पर माता जानकी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि माता जानकी जयंती इस साल 4 मार्च को मनाई गई और माता सीता की विवाह प्रभु राम के साथ हुआ था। जानकी या सीता जयंती दिन कई महिलाओं ने घर परिवार की सुख-शांति और पति की लंबी उम्र के लिए भगवान राम और माता सीता की पूजा अर्चना करते हैं और सभी मनोकामनाओं पूरी होती है।

### प्रदेश के पूरे 11 सीटों सहित 400 का आंकड़ा पार करेगी भाजपाः राजू

**महासमुंद।** महासमुंद संसदीय क्षेत्र से जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राजू बाघमारे ने कहा कि इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण जोश व उत्साह से भाजपा प्रत्याशी को जिताने संकल्पित हैं। बाघमारे ने बताया कि जनसंघ के समय साल 1975 में महासमुंद संसदीय क्षेत्र से महिला को प्रत्याशी बनाया गया, उसके बाद इस बार फिर नारी शक्ति को नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया है। नारी सशक्तिकरण व गांव, गरीब, किसान, युवा हर वर्ग के हित में किए जा रहे कार्यों के बल पर भाजपा 400 सीटों के आंकड़े को पार करेगी।

# मेहनतकश और ईमानदारी के नाम से जाना जाता है पटेल समाज : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)।

ग्राम लोहझर में रविवार को कोसरिया मरार पटेल समाज घाट खाल्हे का वार्षिक सम्मेलन मां शाकंभरी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू,सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र, अति विशिष्ट अतिथि तेजराम पटेल कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश एवं अध्यक्ष राजिम राज, अध्यक्षता नारायण पटेल अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज घाट खाल्हे क्षेत्र-बोड़राबांधा एवं विशेष अतिथि नारायण पटेल छुरा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संयोजक शाकंभरी मंदिर समिति, सोमनाथ पटेल महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष गरियाबंद शामिल हुए। सांसद चुन्नीलाल साहू ने मरार पटेल समाज को बहुत मेहनती एवं अपने सुख-दुख का साथी व हमेशा साथ देने वाला समाज बताया। तेजराम पटेल ने कहा कि मरार पटेल समाज में शिक्षा के महत्व एवं लड़कियों के साथ लड़कों की शिक्षा पर भी जोर दिया। सोमनाथ पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मरार पटेल समाज की संख्या एवं चुनाव में मरार पटेल समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। नारायण पटेल ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नारायण पटेल अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज घाटखाल्हे क्षेत्र बोड़राबांधा ने शाकंभरी मंदिर लोहझर में मनोकामना जोत प्रचलित करने में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम सम्माननीय चुन्नीलाल साहू से मनोकामना ज्योत कक्ष निर्माण हेतु 20 लाख रुपए की मांग किया। जिसे परम सांसद महोदय ने पूरा करने का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन हेमलाल पटेल शिक्षक ने किया एवं आभार प्रदर्शन घाटखाल्हे क्षेत्र के उपाध्यक्ष थुकेल राम पटेल ने किया।

## लोहझर में कोसरिया मरार पटेल समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष प्यारेलाल पटेल, कोषाध्यक्ष धनीराम पटेल, सचिव पिलेश्वर पटेल, सहसचिव भीखम पटेल, हीरालाल पटेल, उप-कोषाध्यक्ष कुशल पटेल, संरक्षक जीवनलाल पटेल, गंगाराम पटेल, प्रहलाद पटेल छविराम पटेल,सलाहकार हेमलाल पटेल, सतीश पटेल, अंकेक्षक बेदराम पटेल, संचालक नोहर लाल पटेल शिक्षक, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष उत्तम पटेल, युवाप्रकोष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम पटेल, सचिव ईश्वर पटेल, उपकोषाध्यक्ष तीजन पटेल राजिम राज, महिला प्रकोष्ठ से लक्ष्मी पटेल, शगुन पटेल, अरुणा पटेल, यमुना पटेल, शाकंभरी समाज से राधेलाल पटेल, हेमलाल पटेल, योगेश कुमार पटेल, राजेश पटेल, मोहन पटेल, चितराम पटेल, धनीराम पटेल, ओमप्रकाश पटेल, खेदुराम पटेल, युवराज पटेल, कुलेश पटेल, जगन्नाथ पटेल एवं घाटखाल्हे क्षेत्र व शाकंभरी समाज के समस्त पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण उपस्थित थे।





### पत्रकारों का सम्मान

सम्मेलन में तेजराम ध्रुव और प्रकाश यादव समाज के द्वारा श्रीफल गमछा शाकंभरी देवी के छाया चित्र से सम्मानित किया। संतोष पटेल कार्यकारी अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज राजिम राज, रूपसिंग पटेल खुटैत को.मरार पटेल समाज घाटखाल्हे क्षेत्र,मंजू ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, सुखबती टांडे जनपद सदस्य लोहझर, संदीप पांडे भाजपा मंडल अध्यक्ष पाण्डुका, पीलूराम यादव अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा, कृष्ण कुमार पटेल अध्यक्ष शाकंभरी मंदिर समिति, संतोष पटेल पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक शाकंभरी मंदिर समिति, श्याम लाल पटेल संरक्षक शाकंभरी मंदिर समिति, तेजराम ध्रुव पत्रकार एवं प्रकाश यादव थे।

## आयोजन : जिला स्तरीय पशु-पक्षी मेला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल हुए राजिम विधायक

# गौमाता में 33 कोटी देवी-देवताओं का होता है वास उनके आशीर्वाद से पूरी हो रही मोदी है की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम के गौठान में जिला स्तरीय पशु-पक्षी मेला एवं उन्नत नस्ल के पशुधन की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू शामिल हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर मौजूद थी। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी में लाए गए उन्नत नस्ल के गाय, बकरी, कुक्कुट तथा अन्य पशु पक्षियों का अवलोकन किया इसके साथ ही चना गुड़ खिलाया। विभाग के उपसंचालक डॉ. ओपी तिवारी ने योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि गौधन, बैल व अन्य पशुधन प्राचीनकाल से हमारी अर्थव्यवस्था के संवाहक रहे हैं। कहा कि गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है यह हमारे शास्त्रों में वर्णित है। मैं खुद भी पशुपालक व किसान परिवार से हूँ और बचपन से ही घर में गौपालन का कार्य किया जा रहा है। उन्होने विभाग के अधिकारियों से कहा कि पशुधन विकास विभाग की योजनाओं को सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित न रखें बल्कि अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी और लाभ पहुँचे इसे सुनिश्चित कर लें। गौमाता के आशीर्वाद से प्रदेश में खुशहाली का वातावरण निर्मित हुआ है और प्रधानमंत्री मोदीजी की गारंटी धरातल पर दिख रही है।





### कई किसानों को सांत्वना पुरस्कार

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर तथा किसान नेता संजीव चंद्राकर ने पशुपालन कार्य में अपने अनुभव को साझा किया। इस दौरान पशु मेला प्रदर्शनी में अलग-अलग नस्लों की प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले पशुपालक किसानों को, अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कई किसानों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के नवगठित संघ के पदाधिकारियों को विधायक रोहित साहू द्वारा शपथग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के अधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह व श्रीफल गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सर्वश्री डॉक्टर केके पटेल, डॉक्टर योगेश नायक, डॉक्टर बीपी यादव, डॉक्टर तामेश कंवर, डॉक्टर बीएस साहू, डॉक्टर चारुमिता चंद्राकर, डॉक्टर आरएन शर्मा, डॉक्टर शर्मा छुरा, डॉक्टर सोनवानी, डॉक्टर दिनेशवरी मार्कन्डे, डॉक्टर तारा सोनवानी, डॉक्टर शारदा डहरिया, उमाशंकर साहू, निखिलेश देशमुख, रुपेश यादव, देवराज साहू, अमृत सिन्हा, अर्जुन मारकम, चंद्रकांत यादव, जितेंद्र सोनी, ताराचंद साहू, दुलेन्द्र कुर्रे सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में पशुपालक किसान उपस्थित रहे।

### दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास करें



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करना चाहिए कि गौठानों में डेयरी उद्यमिता योजना के तहत युवाओं का समूह बनाकर उन्हें स्वावलंबी करने का प्रयास करें जिससे बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिल सकें। सभी अधिकारी और पशुपालक किसान समन्वय बनाकर दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास करें ताकि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में गरियाबंद जिला दुग्ध उत्पादन में अग्रणी हो सकें।

### महुआ के पेड़ों से झड़ने लगे फूल



**रसेला।** इन दिनों वनांचल के गांवों में पीला सोना कहें जाने वाले महुआ फूल कहीं -कहीं पेड़ों में फूल टपकना शुरू हो गया है। जंगल के चारों ओर महुआ फूल की मादक खुशबू बिखर रही है, जिससे राहगीर भी आकर्षित हो रहे हैं। इस वर्ष महुआ पेड़ों पर लदे है। जिसके लिए खेतों में से लेकर जंगल तक चहल-पहल बढ़ रही है। महुआ के फूलों की मदमस्त कर देने वाली खुशबू ग्रामीण परिवेश के जीवन में बहार लेकिन आईं हैं। वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण परिवार के लिए महुआ आज भी जीवन का आधार है। वे इसे सूखाकर घर में रख लेते हैं। इससे नकदी के रूप में भी प्रचलन करते हैं। इससे ग्रामीणों को अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। महुआ का फूल क्षेत्र का एक प्रमुख वन उपज है। महुआ का उपयोग अब तक केवल शराब बनाने के लिए किया जाता था, लेकिन सरगुजा जिले में इसकी पहचान बदल रहीं हैं, महुआ का उपयोग अब पोषण से भरपूर कुकीज़ बनाने में किया जा रहा है। महुआ के फूल से जहां हीमोग्लोबिन का स्तर शरीर में बढ़ता है, वहीं इसका उपयोग करने से यह कई रोगों को दूर करने में भी फायदेमंद है, महुआ में औषधीय गुण काफी अधिक होता है।

# बेलर में 70 बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



पुर्व माध्यमिक शाला बेलर में सोमवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सौजन्यकर्ता के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के कुल 70 बच्चों के लिए बेलर निवासी हेमलाल भुनेश्वरी सिन्हा के सौजन्य से अपने सुपुत्र के नवदम्पत्ति कुलदीप, पद्मश्री सिन्हा की गृहस्थ जीवन में प्रवेश को यादगार करने की उपलक्ष्य में न्योता भोज का आयोजन किया गया। सौजन्यकर्ता परिवार को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस भोज में बच्चों की प्रिय स्वदिष्ट भोजन चांवला दाल के अतिरिक्त चना छोले, लड्डू, गुलाब जामुन, पापड़, आचार, पुड़ी, खीर की व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर 2 बजे बाद भोजन मिला। इस पर विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने नराजगी व्यक्त किया। कहा सारे औपचारिक को छोड़ बच्चों को समय पर भोजन मिलना जरूरी है। वही ब्लाक संकुल समन्वयक टिकेन्द्र यदू , संकुल प्रभारी कमल पांडे ,संकुल समन्वयक गेदराम पटेल ने इस तरह अन्य स्कुल के कार्यक्रम में ध्यान रखे जानें की बात कहीं है। न्योता भोज कार्यक्रम में अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, मोती राम निषाद, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, सरपंच छुईहा, प्रचार्य बेलर कमल पांडे, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, पूर्व उप-सरपंच खोमन साहू, सालिक साहू, हाई स्कूल अध्यक्ष महेतरू सिन्हा, मिडिल स्कूल अध्यक्ष हेमलाल साहू, संदीप साहू, तुलाराम साहू, ब्लाक समन्वयक टिकेन्द्र यादव, संकुल प्रभारी गेदू राम पटेल, मंच संचालक ईरानी ध्रुव शामिल हुए।



### बच्चों को खीर व पूरी किया गया वितरित

**गरियाबंद।** शासन ने स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोजन का कार्यक्रम शुरू किया है। ताकि स्कूली बच्चों को विशेष व्यंजन मिलेगा और स्कूल के प्रति उनकी सकारात्मक सोच बनेगी। इसी तारतम्य में प्रधान पाठक एन के सिन्हा ने अपने जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोजन का आयोजन किया। न्योता भोजन मे बच्चों को खीर, पूरी व मिष्ठान वितरण किया गया। न्योता भोजन खाने वाले अच्छे काफी उत्साहित है। न्योता भोजन कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच के साहू एवं श्री ध्रुव सर प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला और हाई स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिका गांव के प्रबुद्ध नागरिक गण साला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष श्री सोहनलाल वर्मा उपाध्यक्ष गायत्री वर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के कार्यकारी अध्यक्ष बने रामकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन में बड़ी फेरबदल देखने को मिल रही है। गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव को नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार रामकृष्ण ध्रुव को आगामी आदेश तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर की कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यहां नियुक्ति आदेश 03 मार्च को प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेन्दु द्वारा जारी किया गया। ज्ञात हो कि आदिवासी युवा नेता रामकृष्ण धुरव पिछले 03 वर्षों से मैनपुर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं और लगातार कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए उनके नेतृत्व में कार्य किया जा रहा है। रामकृष्ण धुरव को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मैनपुर में रैली निकालकर जमकर आतिशबाजी कर फटाखे फोडे और खुशिया मनाई। मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा और कहा कांग्रेस पार्टी को मैनपुर ब्लॉक में और अधिक मजबूत बनाने के साथ–साथ कांग्रेस के अनुभवी वरिष्ठ बुजुर्ग कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं युवाओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए कार्य करेंगे।

इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, हेमसिंह नेगी, नीरज ठाकुर, महामंत्री गेंदु यादव, शाहिद मेमन, सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, अशोक दुबे, इम्तियाज मेमन, खेलन साहू, रूपेन्द्र सोम, पिलेश्वर सोरी, तनवीर राजपुत, सामंत शर्मा, लिकेश यादव, सोनू यादव, त्रिभुवन पटेल, शांतुराम यादव, दयाराम यादव, महेन्द्र साहू, अफजल खान, गुलाम मेमन, नजीब बेग, बिरेन्द्र श्रीवास्तव, हरिश्वर पटेल, नेयाल नेताम, डीके ठाकुर, ओंकार ठाकुर, पंकज मांझी, डोमार साहू, नोकेलाल धुरव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## मॉर्निंग बैडमिंटन ग्रुप ने किया अंकुरित रत्नों का वितरण

# सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दे रहा न्योता भोज : तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत न्यौता भोजन का आयोजन आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में किया गया। शासन द्वारा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु न्यौता भोजन के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। भारतीय संस्कृति में विशेष अवसर जैसे वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह, राष्ट्रीय पर्व आदि पर लोगों को भोज्य पदार्थ प्रदान करने की परम्परा है। समुदाय के सदस्य ऐसे ही विशिष्ट अवसर पर विद्यालयीन बच्चों को पौष्टिक, स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। इसी तारतम्य में मॉर्निंग बैडमिंटन ग्रुप के सदस्यों द्वारा पौष्टिक आहार अंकुरित चना, मूंग, केला, अंगुर प्रदान किया गया। विदित हो कि आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में 366 बच्चे अध्ययनरत हैं। जिसमें छुरा विकासखण्ड के अलावा गरियाबंद जिला के दूर दराज क्षेत्रों के साथ अन्य जिलों के बच्चे भी पढ़ने आते हैं। दर्ज संख्या के मान से गरियाबंद जिले के उच्च प्राथमिक वर्ग का सबसे बड़ा विद्यालय है। न्यौता भोजन कार्यक्रम तहसीलदार सतरूपा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कीर्तन साहू, प्राचार्य एनसी साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। तहसीलदार सतरूपा साहू ने कहा की सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु न्यौता भोजन मील का पत्थर साबित होगा। बच्चे स्वच्छ रहकर, पोषक आहार लेने से स्वस्थ रहेंगे। डॉक्टर कीर्तन साहू ने कहा कि विशेष अवसर पर बच्चों के साथ समय बिताना एक अभिनव पहल है। पोषक तत्वों को बच्चों तक पहुंचाने का एक अच्छा माध्यम है। हाथ की सफाई से अनेक रोगों से दूर रह सकते हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कुपोषण की दर सर्वाधिक है।

### बच्चों को अंकुरित चना, मूंग, केला व अंगूर का वितरण



शासन के महती योजनांतर्गत बच्चों को पोषक आहार प्रदाय करने, समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु यह पहल की जा रही है। आयोजक मॉर्निंग बैडमिंटन ग्रुप के सदस्य समाज सेवक शीतल ध्रुव, मनोज कुर्रे, चित्रसेन यदु, राजेश मांडले, झामन यदु, किरन खलखो, नरेन्द्र पटेल, शिव ठाकुर, मयाराम साहू, देवराज, डेमन साहू द्वारा बच्चों को अंकुरित चना, मूंग, केला, अंगुर, लेखनी वितरण किया गया। शाला परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सामाजिक समरसता के इस पुनीत कार्यक्रम में प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, शिक्षाविद बीएल तारक, सीआर सिन्हा, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, करुणा वर्मा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, विद्यालयीन स्टाफ पीली बाई, प्रोतिमा शर्मा, कविता पटेल, बाल संसद के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202402221800089

अ/2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वकार मेमन पिता युनुश मेमन, जाति मुसलमान, निवासी मैनपुरकला, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. व तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम मैनपुरकला, प.ह.नं. 04. रा.नि.मं. व तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) में स्थित स्वयं की कृषि भूमि ख.नं. 27 / 10 रकबा 0.03 हे भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 59 (2) के तहत व्यवसायिक प्रयोजन में पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर

## खबर संक्षेप



### बिजली लाइनमैनों का किया सम्मान

**गरियाबंद।** लाइनमैन दिवस के अवसर पर गरियाबंद संभाग अंतर्गत गरियाबंद छुरा मैनपुर और देवभोग में लाइनमैन दिवस का आयोजन किया गया। उपसंभाग गरियाबंद में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी रहे। सभी लाइनमेन सहायक लाइनमैन और अन्य तकनीकी कर्मचारियों का कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी एवं सहायक अभियंता गणेश प्रसाद ने पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर तथा गुलाल लगाकर स्वागत किया। सभी लाइन कर्मचारियों के निस्वार्थ योगदान के सम्मान के लिए लाइनमैन दिवस का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। अपने उदबोधन में अतुल तिवारी ने कहा कि लाइनमेन दिवस आयोजन कर सभी लाइनमेन का सम्मान के लिए भारत सरकार का प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने लाइन कर्मचारियों के विधुत सुधार तथा निर्बाध विधुत व्यवस्था बनाये रखने हेतु उनकी मेहनत और जज्बे को सराहा। साथ ही उन्होंने बताया कि लाइनमैन दिवस के साथ साथ राष्टीय सुरक्षा सप्ताह दिनांक 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जा रहा है। सभी को सुरक्षा नियमो का पालन करते हुए अपने कार्य को करने की समझाइस दी गई। इस कार्यक्रम में लाइन कर्मचारी रामसिंह पाटिये, चमरु साहू, विजय सिन्हा, बलराम प्रधान, गोकुल साहू, कैलाश साहू, उपेंद्र ठाकुर एवं अन्य तकनीकी कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दवा पिला कर किया अभियान का शुभारंभ

**सरायपाली।** नगर के मुख्य मार्ग में स्थित सिटी डिस्पेंसरी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल द्वारा वंश अग्रवाल पिता प्रांजल अग्रवाल 3 वर्ष तथा पार्षद गुंजन अग्रवाल द्वारा अंश अग्रवाल पिता प्रांजल अग्रवाल उम्र 10 माह को पल्स पोलियो का दो-दो बूंद अपने हाथ से पिलाकर किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय आनंद कोसरिया, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अनुपा दास, शकुंतला कलेत, डोलचंद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलिमा भोई, मितानिन नोनी बाई इत्यादि उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए कोमाखान में कैंप 9 को

**बागबाहरा।** स्थानीय विद्यालय में 6 मार्च को 1 बजे से 4 बजे तक अग्निवीर भर्ती द्वारा सेना में रोजगार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शारीरिक नापजोख और पंजीयन कार्य किया जाएगा। जिसमें विद्यालयीन और गैर विद्यालयीन छात्र, बेरोजगार युवा इच्छुक प्रतिभागी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के साथ जिसमें 10वी पास होना अनिवार्य है के साथ आयु कम से कम 17 वर्ष 6 माह और अधिकतम 21 वर्ष है वे अपनी उपस्थिति देकर शिविर का लाभ ले सकते हैं। कोमाखान के अलावा नर्रा, कसेकेरा, बिंद्रावन, अमेरा, उखरा सुवरमार, देवरी, टेमरी, परसुली खैरट खुर्द आदि गांवों क्षेत्रों से भी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उक्त शिविर के लिए विकासखंड नोडल अधिकारी हिरेंद्र देवांगन, समन्वयक गेंदलाल यादव, अनिल पटेल, व्यायाम शिक्षक कामता साहू, रोशनी ध्रुव के अलावा विद्यालय के शिक्षक रहेंगे। प्राचार्य कोमाखान हीरासिंग नायक ने क्षेत्र के सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं से शिविर का लाभ लेने अपील की है।

## निधन

### रामदीन साहू



**छुईहा बेलर/फिंगेश्वर।** ग्राम टेका निवासी रामदीन साहू 91 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे एचएल साहू पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पिता एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू के बड़े पिताजी थे।

**समस्या : मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का मैनपुर ब्लॉक में हाल बेहाल**

# 287 कार्यों के लिए 28 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत, डेढ़ वर्षों में मात्र 49 कार्य ही हुए पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यो की हालत बेहद ही खराब है और निर्माण कार्यो को गति दिने वाले विभाग ग्रामीण यांत्रिकी के जिला के अफसर कभी क्षेत्र में दिखाई ही नहीं देते जिसके कारण 25 फीसदी भी निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। एक तरफ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे है और तो और मैनपुर विकासखण्ड में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जर्जर स्कूलों भवनों के मरम्मत के लिए प्रथम चरण में 51 कार्य स्वीकृत हुये जिसमें अब तक मात्र 31 कार्य ही पूर्ण हुए। 10 कार्य अप्रारंभ है और 07 कार्य प्रगतिरत बताया जा रहा है, द्वितीय चरण में 17 कार्य स्वीकृत हुए जिसमें 08 कार्य पूर्ण तथा 05 कार्य अप्रारंभ एंव 03 कार्य प्रगतिरत है तथा तृतीय चरण में 36 कार्य स्वीकृत हुए जिसमें 04 कार्य पूर्ण हुए और 30 कार्य अप्रारंभ तथा 02 कार्य प्रगतिरत बताया जा रहा है। मैनपुर ब्लॉक में इस तरह स्कूल मरम्मत के कुल 104 कार्य के लिए 3.60 करोड रूपये स्वीकृत किये गये। लेकिन आज तक स्कूल भवन मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। अधिकांश स्कूल भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण नवनिहाल आज भी जर्जर स्कूलों में पढ़ाई करने मजबूर हो रहे है। अधिकांश निर्माण कार्यो में ठेकेदार द्वारा रूची नही लेना बताया जा रहा है, जिसमें द्वितीय चरण में शासकीय बालक प्राथमिक शाला अमलीपदर, बालिका प्राथमिक शाला अमलीपदर, बाहरापारा, बालिका हाई स्कूल मैनपुर, प्राथमिक शाला दरलीपारा, प्राथमिक शाला बंदपारा, प्राथमिक शाला लाटापारा, प्राथमिक शाला गोना, प्राथमिक शाला कंवरआमा, डेडुपदर, माध्यमिक शाला कोयबा, प्राथमिक शाला गेदराबेडा, प्राथमिक शाला भालूकोना, प्राथमिक शाला रक्शापत्थरा, प्राथमिक शाला अनेसर, गोटियाभर्री, माध्यमिक शाला मुचबहाल, कोदोभाठा, माध्यमिक शाला कोदोभाठा, आण्डपाथर, मुंशीपारा, कोकडी, साल्हेभाठा, धुपकोट, गुरजीभाठा ए, जुंगाड, माहुलपुटका, कुहीमाल, खरता, आमपारा, डुमरघाट, डुमपरपडाव, लुदापारा, माहुलपारा, झरगांव, हायर सेकेण्डरी स्कूल अमलीपदर, छोटेगोबरा, हरदीभाठा में अभी तक मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत लाखों करोडो रूपये राशि स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है।

**खास बातें**

- डेढ वर्षों बाद भी निर्माण कार्य सुस्त, अधिकांश ठेकेदार कार्य में नहीं दिखा रहे है रूची
- आदिवासी क्षेत्र के हजारों बच्चे जर्जर स्कूल भवनों में अभावों के बीच भविष्य गढ़ने हो रहे मजबूर
- प्रथम और द्वितीय चरण के कार्य को 16 जून 2023 से पहले करना था पूर्ण लेकिन नहीं हो पाया
- ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के अफसरों की उदासीनता से निर्माण कार्य आधा-अधूरा





### मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करेंगे : भाजपा नेता

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी एंव भाजपा के गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा इस आदिवासी क्षेत्र के बच्चों की परेशानियों को देखते हुए और लगातार मांग के बाद मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल मरम्मत, अतिरिक्त कमरा एंव नये भवन निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की राशि जारी किया गया है। लेकिन संबधित ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के उदासीन रवैया के चलते अब तक आधा निर्माण कार्य भी पूरा नही हो पाया है जबकि इस मामले की कई बार शिकायत कलेक्टर एंव संबधित अधिकारियों से किया जा चुका है, भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी एंव भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर जल्द ही छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, पंचायत एंव ग्रामीण विकास तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एंव गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात कर मामले की शिकायत करेंगे।




### 164 कार्य अभी तक प्रारंभ भी नहीं हुए

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मैनपुर ब्लॉक में अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए सरकार द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को कुल 183 अतिरिक्त नये भवन निर्माण के लिए लगभग 25 करोड़ रूपये से भी अधिक की भारी भरकम राशि दिया गया है, इसके बावजूद भी विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अतिरिक्त भवन में मात्र 06 कार्य ही अब तक पूर्ण हो पाये है 164 कार्य अभी तक प्रारंभ भी नहीं हुआ है और 13 कार्य प्रगतिरत बताया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर ब्लॉक अभी तक इन स्कूल में अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जिसमें माध्यमिक शाला बुटेंगा, भाठापानी, कुल्हाडीघाट, गुडभेली, पडियाबाहरा, कुरलापारा, गुढियारी, शोभा, धनोरा, खलियामुडा, अडगडी, सिहारलटी, गरीबा, गौरघाट, धारनीधोडा, फरसरा, सगडा, सरईपानी, बुडगेलटप्पा, पीपलखुंटा, खैरमाल, साहेबिनकछार, आढपाथर, भाठीगढ, गरहाडीह, अमलीपदर, तुहामेटा, जांगडा, कुरूभाठा, छोटेगोबरा, चिखली, पायलीखंण्ड, घुमरापदर, गोलामाल, कुरलापारा, कोकडीमाल एंव प्राथमिक शाला कोदोमाली, सोरीपारा, फरसरा, पानीगांव, सरईपानी, कोतराडोंगरी, अमाड, कोयबा, तेलतलपारा, बरदुला, मैनपुरकला, बरगांव, फुलझर, लेडीबाहर, बाहरापारा, चचरापारा, तुहामेंटा, खोलपारा, हल्दीपारा, नहरपारा, धवईभर्री, देवझरअमली, धोबनमाल, तेलतलखुंटी, पथर्री, धनोरा, खलियामुडा, सिंहारलटी, छैला, भुतबेडा, गौरघाट, बुरजाबाहल, मुडामहान, भैसमुंडी, पदमपुर, धारनीधोडा, मोतीपानी, फरसरा, खोखमा, दरलीपारा, ताराझर, बुडगेलटप्पा, पेंड्रा, ठेमली, ढोढर्रा, देवझरअमली, गौरमुंड, जलपारा, बजाडी, नवापारा, गुरजीभाठा, खासरपानी, चिखली, परियाबाहरा,कछारपारा, अमली, भाताडिग्गी, ढोढर्रा, पतियालपारा, कुरूवापानी, भालूडिग्गी, धारनीबाहल, बिरीघाट, धौराझोला, चनाभाठा, उसरीजोर, गरीबा, भाठीगढ, खुडबुडी, नवापारा, ध्ररवापथरा, सगडा, सरनाबाहल, सियाडोंगरी, जाडापदर, फलसापारा, मटिया, सरगीगुडा, पीपलखुंटा, साहेबिनकछार, गरहाडीह सहित कुल 164 अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नही हुआ है विभाग से मिली जानकारी के अनुसार संबधित निर्माण एजेंसी कार्य में रूची नही ले रही है।



### एजेंसी कार्य में रुचि नहीं ले रहे : एसडीओ

मैनपुर ब्लॉक में कुल 287 निर्माण कार्य में 210 निर्माण कार्य अब तक नहीं हुआ प्रारंभ- ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के मैनपुर एसडीओ गुप्तेश्वर साहू ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत और अतिरिक्त कमरा कुल निर्माण कार्य 287 में मात्र 49 कार्य ही पूर्ण हो पाये है और 210 कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। कई निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य में रूची नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण निर्माण कार्य को एजेंसी परिवर्तन किया जायेगा। उन्होने आगे बताया कि इस सभी निर्माण कार्यो के लिए लगभग 28 करोड़ 8 लाख रूपये स्वीकृत हुआ है।

# रक्तवीर स्वास्थ्य शिक्षा व जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- जगत गुरू ने प्रियंका के इस अभियान की सराहना की

राजिम कुम्भ कल्प मेला हमारे राज्य का सबसे बड़ा मेला है। जिसमे लाखों की संख्या में साधू-संत श्रद्धालु आते है। इस अवसर पर टीम डॉ प्रियंका बिस्सा व्यास, नेहरू युवा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड एवं केबीटी के सहयोगी युवा साथियों द्वारा वृहद् स्तर पर निःशुल्क रक्त प्रशिक्षण शिविर रक्तवीर स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता अभियान किया जा रहा है। विराट संत समागम के उदघाटन में अनंत विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज एवं अनंत विभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने टीम प्रियंका बिस्सा के रक्तवीर अभियान की सराहना किया। 69.6% भारतीय जनसंख्या को ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, एच आई वी व अन्य बिमारियों की जानकारी नहीं है। इस रक्तवीर अभियान के तहत निःशुल्क रक्त जाँच कर ब्लड टेस्ट कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा व अन्य जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके पूर्व 2018 में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सहयोग से यह अभियान भारत का पहला ब्लड टेस्ट कार्ड बना। जिसमें 11,551 लोगों की रक्त जाँच कर उन्हें कार्ड उपलब्ध कराया गया। इसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रशंसा हुई। राजिम कुम्भ कल्प मेला 2024 में इस रक्तवीर अभियान को विश्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का भी प्रयास हो रहा है।



### युवा कांग्रेस का पंचायत चलो वार्ड चलो अभियान जारी

**राजिम।** युवा कांग्रेस द्वारा इन दिनों पंचायत चलो वार्ड चलो अभियान चलाया जा रहा है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू एवं युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि रोजगार के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली केन्द्र सरकार के खिलाफ युवा वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू, गिरीश राजानी, डॉ रमेश साहू, पूर्व जनपद सभापति खिलेश साहू, अजय साहु, खेमू साहू, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डीगेश पटेल, गुलशन यादव, देवेन्द्र साहु, आकाश यादव, तेज सिंह ठाकुर, विक्की साहू, डोमन तारक, जगमोहन, माधव विश्वकर्मा, जीतू सोनकर, मिथलेश पटेल, प्रीतम टंडन सम्मिलित रहे।



# सेवानिवृत्त शिक्षिका ने आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले में भी कलेक्टर दीपक अग्रवाल आइएएस और जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के निर्देश पर न्योता भोजन को खूब प्रसारित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में सेवानिवृत्त शिक्षिका केशरलता मिश्रा ने अपने स्वर्गीय पति प्रफुल्ल मिश्रा के नाम पर शनिवार 2 मार्च को न्योता भोजन दिया। न्योता भोजन में उनके द्वारा हलुआ परोसा गया। उल्लेखनीय है कि न्योता भोजन हेतु समुदाय को आव्हान करते हुए उन्हें प्रेरित करने के लिए स्वयं प्राचार्य संजय एक्का ने गत दिनों न्योता भोजन दिया था। इसी से प्रेरित होकर सेवा निवृत्त शिक्षिका केशरलता मिश्रा ने अपनी शिक्षिका बेटी दिप्ती मिश्रा के माध्यम से प्राचार्य से सम्पर्क कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया कि उनके पति स्वर्गीय प्रफुल्ल मिश्रा की शिक्षा इसी स्कूल से हुई है इसलिए इस स्कूल से उन्हें व पूरे परिवार को विशेष लगाव है अतः वे यहां के बच्चों को न्योता भोजन देना चाहती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक, तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर रामेन्द्र जोशी ने प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ को न्योता भोजन के सफल आयोजन एवं इस हेतु समुदाय को प्रेरित करने के लिए शाबाशी और बधाई देते हुए सभी स्कूलों को भी इसी प्रकार समुदाय की सहभागिता हेतु प्रेरित करने कहा है। आज के न्योता भोजन के व्यवस्थित आयोजन में शिक्षकगण नीता यादव, सरिता साहू, पुर्णेन्द्र बाघमार, नेहा सिंह, उपासना भगत, जमील अहमद, योगिता देवांगन, जितेन्द्र साहू, आदि ने विशेष योगदान दिया। प्राचार्य एक्का ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य के जन्मदिन, विशेष पारिवारिक उत्सव, त्योहार आदि किसी भी विशेष दिन में बच्चों को न्योता भोजन दिया जा सकता है।



### बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

**मुड़ागांव(कोरासी)।** पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बून्द पोलियो का ड्रॉप पिलाया गया। जिसमें आगनबाड़ी केंद्र कुरेकेरा ग्राम पंचायत खड़मा में जिंदगी के दो बूंद बच्चों को भारतीय जनता पार्टी मंडल पाण्डुका जिला गरियाबंद के अध्यक्ष संदीप पाण्डेय ने पिलाया। साथ में आरएचओ भरत लाल सिन्हा, आगनबाड़ी कार्यकर्ता हीरा भोसले, मितानिन लता सिन्हा तथा पवन बाई विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



**यहां रामसेतु पत्थर व 8वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां भी**

# घने जंगलों व पहाड़ों पर विराजमान है रमईपाठ देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के अन्तिम छोर ग्राम सोरिद खुर्द में स्थित रमईपाठ देवी स्थल जो फिंगेश्वर छुरा के मुख्य मार्ग पर सोरिद खुर्द से 1 किलो मीटर की दूरी पर घने जंगलों व पहाड़ों से घिरा हुआ है। जिसे रमईपाठ पहाड़ोंवाली माता के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान में गरियाबंद जिला के राजिम शहर से 30 किमी की दूरी पर स्थित है। यह रमईपाठ ऐतिहासिक स्थल है बताते है कि प्राचीन समय में वनवास काल के दौरान भगवान राम -सीता ने इस घने जंगलों में विचरण करते आये थे। इसी कारण इस जगह का नाम रमईपाठ पड़ा। यहां स्वयंभू शिवलिंग, रामसेतु पत्थर, 8वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां यहां पर है। सबसे आकर्षक साक्षात यहां के आम का वृक्ष के जड़ से बारहों माह दूध की तरह अविरल जलधारा बह रही है। यह जलधारा कैसे आ रही है इसका अभी तक किसी को जानकारी नहीं मिल पाई है। सेमहर के वृक्ष पर मां दुर्गा शेर पर सवार होकर व श्री गणेश जी की आकृति अपने आप कैसे हुई है। यहां ऐसी मान्यता है की संतान मन्नत मांगने पर मनोकामना पूर्ण करती है। संतान की मन्नत पूरी होने पर यहां पर लोहे का सांकल चढ़ाया जाता हैं। यहां प्रतिवर्ष चैत व क्वांर में दीप प्रज्वलित की जाती है। व हर नवरात्रि में दोनो माह चैत व क्वांर में व्यापारी, उद्योगपति, राइसमिल व एसोसिएशन के द्वारा भंडारा का निः शुल्क दिया जाता है। जिसका रमईपाठ समिति मात्र देखरेख करती है।



### पर्यटन स्थल बनाने की मांग

यहां प्रतिवर्ष चैत पूर्णिमा को जाजा मेला का आयोजन भी होता है। जिसमें गरियाबंद जिले के अलावा आसपास महासमुंद, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, बलौदाबाजार आदि जिले के श्रद्धालु जाजा मेला देखने के लिए आते है। जिसमें श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ रहती है की इसके लिए पुलिस प्रशासन की ड्यूटी तैनात रहती है। जिसको देखते हुए अंचल के ग्रामवासी व श्रद्धालुओं की मांग है कि रमईपाठ दैवी स्थल को पर्यटन स्थल बनाए जाऐ की मांग कर रहे है। लेकिन इस पर रमईपाठ सेवा समिति, सरपंच, विधायक व सांसद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

